दिन–मंगलवार दिनांक– 12 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिए पटना–लखनऊ और न्यू जलपाइगुडी–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दो धार्मिक शहरों–अयोध्या और वाराणसी को भी जोडेगी। इससे पटना और लखनऊ के बीच यात्रा अवधि कम होगी। वहीं, न्यू जलपाईगुडी–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस सीमांचल के लोगों की मांग पर चलाई गई है। इससे बिहार और पश्चिम बंगाल के कई महत्वपूर्ण शहरों तक संपर्क सुविधा बढेगी। श्री मोदी ने पटना, दरभंगा और कटिहार समेत अन्य स्टेशन पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का भी उद्घाटन किया। वहीं, स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों और जीआई टैग उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए समस्तीपुर, भागलपुर, बांका, सहरसा और बेगूसराय रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल का भी लोकार्पण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत तेरह हजार दो सौ अट्ठाईस करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर पटना स्टेशन पर और केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे बक्सर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

———————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र स्थापित करने के लिए ऋण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. मांडविया ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक बिना किसी गारंटी के चार लाख रुपये का ऋण प्रदान करेगा।

———————————————————

केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज चंडीगढ में खेलो इंडिया राईजिंग टैलेंट आईडेंटिफिकेशन–कीर्ति स्कीम की शुरुआत की। इस योजना के तहत जमीनी स्तर पर विभिन्न स्पर्धाओं के लिए प्रतिभावान युवाओं की पहचान की जाएगी और उन्हें समर्थन दिया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रतिभाओं की पहचान और विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रदर्शन के लिए एकीकृत साधन उपलब्ध कराने के लिए भारत बैंचमार्क स्थापित किया जाएगा।

——————————————————

प्रवर्तन निदेशालय की टीम राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल के दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धन शोधन के मामले में ये छापेमारी चल रही है। गौरतलब है कि रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अमित कात्याल आरोपी है और उसे ईडी ने पिछले साल नबंवर महीने में गिरफ्तार किया था।

——————————————————

देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम, सीएए लागू होने के साथ ही पूरे बिहार में चौकसी बढ़ा दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था संजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीमांचल और नेपाल की सीमा से सटे जिलों में निगरानी बढ़ा दी गई है। असामाजिक तत्वों के साथ –साथ सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

——————————————————

प्रदेश में मौसम प्रायः शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान तैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

——————————————————————————

दूरदर्शन नेशनल अब प्रत्येक दिन सुबह साढे छह बजे अयोध्या के श्री रामलला मंदिर में होने वाली आरती का सीधा प्रसारण करेगा। श्रद्धालु अब प्रत्येक दिन भगवान श्री रामलला का दर्शन कर सकेंगे।

——————————————————————————

गया के बेलागंज थाना क्षेत्र के खिजरसराय–रामपुर मोड़ के पास एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई। सभी सिमरा गांव के रहने वाले थे।

——————————————————————————

सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धमकी देने के मामले में पटना पुलिस ने बाढ़ से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जमुई के सोनो में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम के दौरान लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

——————————————————————————

बेगूसराय जिला परिषद उपाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार निर्वाचित घोषित किये गए हैं। उन्हें कुल तेईस मत प्राप्त हुए।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।